Jis Bhajan Mein Ram Ka Naam Na Ho lyrics

Source:-> bhajansimran.com

जिस भजन में राम का नाम ना हो

उस भजन को गाना ना चाहिए ।

चाहे बेटा कितना प्यारा हो

उसे सिर पे चढ़ाना ना चाहिए

चाहे बेटी कितनी लाडली हो

घर घर में घुमाना ना चाहिए ।

जिस भजन में राम का नाम ना हो

उस भजन को गाना ना चाहिए ।

जिस माँ ने हम को जनम दिया

दिल उसका दुखाना ना चाहिए

जिस पिता ने हम को पाला है

उसे कभी सताना ना चाहिए ।

जिस भजन में राम का नाम ना हो

उस भजन को गाना ना चाहिए ।

चाहे पत्नी कितनी प्यारी हो

उसे भेद बताना ना चाहिए

चाहे मैया कितना बैरी हो

उसे राज़ छुपाना ना चाहिए ।

जिस भजन में राम का नाम ना हो

उस भजन को गाना ना चाहिए ।

चाहे कितनी गरीबी आ जाये

दाता को भूलाना ना चाहिए

चाहे कितनी अमीरी आ जाये

अभिमान दिखाना ना चाहिए ।

जिस भजन में राम का नाम ना हो

उस भजन को गाना ना चाहिए ।

जिस भजन में राम का नाम ना हो

उस भजन को गाना ना चाहिए ।